समस्या — दुर्वासिन की बदहाल राहों पर हर कदम जोखिम, आखिर जनता किससे लगाए गुहार?

# पूर्व मंत्री के गांव की सड़क बनी दलदल

**जमुना कोतमा नवभारत 9 जुलाई।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र दुर्वासिन और आसपास के गांवों की सड़कें इन दिनों लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पूरी तरह कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

हालत यह है कि यदि कोई व्यक्ति दोपहिया वाहन लेकर इस मार्ग से निकलने की कोशिश करता है तो उसके फिसलकर गिरने या कीचड़ में फंसने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग अब सड़क कम और दलदल अधिक नजर आता है।



### ग्रामीण उठा रहे सवाल

सबसे हैरानी की बात यह है कि इसी क्षेत्र के समीप प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री रहे और वर्तमान विधायक बिसाहूलाल सिंह का निवास भी है। इसके बावजूद सड़क की ऐसी दुर्दशा स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि जब जनप्रतिनिधि के गृह क्षेत्र की सड़क का यह हाल है, तो दूरदराज के गांवों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### शिकायत के बावजूद समाधान नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाली की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। बरसात के हर मौसम में यही स्थिति बनती है और कुछ समय बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है।

### इस मार्ग पर आवागमन हो जाता है दुश्वार

ग्रामीणों के अनुसार बारिश शुरू होते ही इस मार्ग पर आवागमन लगभग दुश्वार हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, किसानों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहन चालक कीचड़ में फंस जाते हैं। आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या अन्य जरूरी वाहन भी समय पर पहुंच पाएंगे या नहीं, इसे लेकर ग्रामीण चिंतित हैं।

## मूंग उपार्जन वर्ष के लिए समितियों का गठन

**अनूपपुर नवभारत।** म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जारी उपार्जन नीति के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए समर्थन मूल्य 8,768 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली द्वारा उप-खण्ड स्तरीय उपार्जन समितियों का गठन किया गया है। गठित उप-खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी एमपी मार्कफेड, कृषि उपज मंडी सचिव तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।



# ग्रामीण इलाकों में घुसकर तबाही मचा रहे हाथी

**15 दिनों से चार हाथियों का दल मचा रहा आतंक**

**अनूपपुर नवभारत 9 जुलाई।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के अनूपपुर और जैतहरी वन परिक्षेत्र में पिछले 15 दिनों से अधिक समय से चार हाथियों का दल आतंक मचा रहा है। यह दल दो हिस्सों में बंट गया है। दिन में हाथी जंगलों में रहते हैं और रात होते ही ग्रामीण इलाकों में घुसकर तबाही मचाते हैं।

ज्ञात हो कि अपने साथियों से बिछड़ा एक अकेला नर हाथी गत दिनों को सीमा पार कर छत्तीसगढ़ के मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया बीट के जंगल में पहुंच गया है। तीनो हाथी पांच दिनों से दिन-रात भोलगढ बीट के जंगल में डेरा जमाये हुए हैं। वहीं हाथियों के लगातार हमलों और मुआवजे में देरी से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है।

### हाथियों का दल पहुंचा कुरियारी जंगल में

तीन हाथियों का समूह बुधवार को वन परिक्षेत्र, अनूपपुर मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर कोतमा मार्ग के ग्राम पंचायत बरबसपुर अंतर्गत वन बीट एवं ग्राम भोलगढ़ की कुरियारी जंगल में दिन के समय ठहरते हुए शाम होते ही जंगल से निकल कर जंगल में स्थित वन तालाब में पानी पीकर फिर से भोलगढ़ के कुरियारी जंगल में पहुंचे। गुरूवार की सुबह भोलगढ बीट के जंगल में विचरण व विश्राम कर रहे हैं।

## एक नजर में



### दो दिवसीय एमएसएमई वर्कशॉप का शुभारंभ

**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर में विश्व बैंक समर्थित रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कम्पोजिट एमएसएमई वर्कशॉप एवं कैम्प का प्रथम दिवस गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, स्टार्टअप्स और इच्छुक युवाओं को शासन की योजनाओं, वित्तीय सेवाओं, गुणवत्ता प्रमाणन और बाजार से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचौली, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य एवं उद्यमी शामिल हुए।

### राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**अनूपपुर नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संघों एवं अन्य हितग्राहियों की शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। मिशन के अधिकारियों ने बताया कि मिशन की गतिविधियों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित स्व-सहायता समूहों एवं उनके परिसंघों से संबंधित किसी भी प्रकार के सुझाव या शिकायत कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 07822-356497 पर दर्ज कराई जा सकती है। मिशन ने सभी स्व-सहायता समूहों एवं संबंधित हितग्राहियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत अथवा सुझाव के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करें।

### जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस सौंपेगी ज्ञापन

**अनूपपुर नवभारत 9 जुलाई।** जिले की लंबे समय से लंबित रेलवे एवं जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे पुष्पराजगढ़ विधानसभा के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में कांग्रेस अनूपपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक को रेलवे महाप्रबंधक जोन बिलासपुर के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। जिला कांग्रेस के महामंत्री सत्येंद्र स्वरूप दुबे ने बताया कि यह ज्ञापन पूरी तरह जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित होगा। इसमें विशेष रूप से बिलासपुर डीआरएम कार्यालय की ओर से अधिकारियों द्वारा वेकटनगर एवं निगौरा रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में दिए गए आश्वासन के बावजूद आज तक कार्रवाई नहीं होने और वादाखिलाफी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसके अलावा अनूपपुर रेलवे आरक्षण केंद्र के समय में की गई कटौती से यात्रियों को हो रही परेशानियों को भी ज्ञापन में शामिल किया जाएगा तथा पूर्व व्यवस्था बहाल करने की मांग की जाएगी।

# सीसी सड़क शुरू, यातायात की समस्या से मिलेगी राहत

**नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी**

**कोतमा नवभारत 9 जुलाई।** नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा वार्ड क्रमांक-1 स्थित केरहा नाला से अटल चौपाटी तक लगभग 415 मीटर लंबी सीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

इस नवनिर्मित सड़क को आम जनता के आवागमन के लिए खोल दिया गया है, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस सड़क के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़-मनेंद्रगढ़ मार्ग से आने-जाने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी और वर्षों से चली आ रही यातायात संबंधी समस्याओं का स्थाई समाधान होगा।



### विकास का नया अध्याय और समय की बचत

सड़क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इसे शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है: अजय सराफ अध्यक्ष, ने सौगात देते हुए बताया कि 'यह सड़क नगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित परियोजना थी। इसके पूरा होने से नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह नगर के विकास और आधारभूत संरचना (Infrastructure) को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।


### सुविधाओं की दिशा में उठाया गया एक दूरगामी कदम

नगरवासियों का मानना है कि यह सड़क केवल एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि कोतमा नगर के विकास, बेहतर यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की दिशा में उठाया गया एक दूरगामी कदम है, जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक हजारों लोगों को मिलता रहेगा।

# उपभोक्ताओं के लिए विद्युत विभाग के शिविर प्रत्येक माह आयोजित होंगे

**अनूपपुर नवभारत 9 जुलाई।** अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, अनूपपुर ने जानकारी दी है कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जोन एवं वितरण केंद्र, संभागीय एवं वृत्त स्तर पर प्रत्येक माह नियमित जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वितरण केंद्र स्तर पर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार, संभागीय कार्यालय अनुपपुर में प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार तथा वृत्त कार्यालय अनूपपुर में प्रत्येक माह के तृतीय मंगलवार को जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विद्युत बिल, मीटर, नवीन विद्युत कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विद्युत संबंधी



शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### समस्याओं का किया जाएगा निराकरण

अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर ने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से निर्धारित तिथि एवं संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई का लाभ उठाने की अपील की है।





# मप्र नवाचार उद्यम नीति की दी गई जानकारी

**अनूपपुर नवभारत 9 जुलाई।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की विश्व बैंक समर्थित रैम्प (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रदर्शन संवर्धन एवं तीव्रता योजना) के अंतर्गत अनूपपुर में आयोजित दो दिवसीय समेकित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यशाला एवं शिविर का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर लघु उद्योग भारती के जयप्रकाश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने स्थानीय उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों तथा नवोद्यमियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करने पर बल दिया। तकनीकी सत्रों के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की प्रबंधक प्रियंका सोनी ने मध्यप्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास नीति तथा मध्यप्रदेश नवाचार उद्यम नीति की जानकारी दी। श्री कंदर्प द्विवेदी ने डिजिटल व्यापार संवर्धन तथा मुक्त डिजिटल वाणिज्य नेटवर्क से संबंधित सत्र में उद्यमियों को डिजिटल विपणन, ऑनलाइन विक्रय तथा व्यापक बाजार तक पहुंच के अवसरों से अवगत कराया।

# गांधी चौक में बिजली की चिंगारी से दहशत

**व्यापारियों ने की स्थाई समाधान की मांग**

**कोतमा नवभारत 9 जुलाई।** गांधी चौक के पास एक विद्युत खंभे पर लगे तारों से चिंगारी निकलने से स्थानीय व्यापारियों में दहशत है। वे शिकायत करते हैं कि थोड़ी सी बारिश होने पर ही खंभे से चिंगारी निकलने लगती है। इससे वे हर समय किसी अनहोनी के डर में रहते हैं। व्यापारियों के अनुसार, उन्होंने विद्युत विभाग को इस समस्या की सूचना दी है। कर्मचारी आते हैं और समस्या का समाधान करके जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है।



### खंभे पर भी करंट का खतरा

व्यापारियों ने बताया कि बारिश के दिनों में चिंगारी निकलने से न केवल तारों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि खंभे पर भी करंट का खतरा रहता है। यदि खंभे पर करंट आया तो कोई भी व्यक्ति उसकी चपेट में आ सकता है, जिससे गंभीर हादसा हो सकता है।

### तारों की स्थायी रूप से मरम्मत की मांग

व्यापारियों ने विद्युत विभाग से निवेदन किया है कि वे इस समस्या का स्थाई समाधान करें। वे चाहते हैं कि तारों की स्थाई रूप से मरम्मत की जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## स्वास्थ्य विभाग का दस्तक अभियान 14 से

**अनूपपुर नवभारत।** जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी तथा डायरिया सहित अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान करेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका तिवारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाना, बच्चों में दस्त रोग से होने वाली मृत्यु की रोकथाम करना तथा अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की समय रहते पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना है।

# नगर की सीमा का होगा विस्तार, जुड़ेंगे 8 नए गांव

**बढ़ेगी वार्डों की संख्या भेजा गया प्रस्ताव**

**अनूपपुर नवभारत 9 जुलाई।** जिला मुख्यालय की नगर पालिका क्षेत्र की सीमाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत जिला मुख्यालय से लगे आठ ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल करने की योजना है। नगर पालिका की टीम ने इस संबंध में सर्वे कार्य पूरा कर प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर आगामी कुछ दिनों के भीतर ही अनुमति मिलने की संभावना है। इस



विस्तार से अनूपपुर नगर पालिका का शहरीकरण का दायरा बढ़ेगा। नगर पालिका अनूपपुर की सीमा से सटे जिन आठ ग्रामों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें बरबसपुर, मानपुर का कुछ हिस्सा, ग्राम परसवार की सीमा ग्राम पंचायत कार्यालय तक, ग्राम करहीबाह, ग्राम सकरिया में ला कॉलेज तक का हिस्सा, तिपानखोली, सेदुरी और बर्री पंचायत का कुछ हिस्सा शामिल हैं।

### वर्तमान में नगर पालिका में 15 वार्ड हैं

वर्तमान में अनूपपुर नगर पालिका में 15 वार्ड हैं। परिसीमन कार्य को मंजूरी मिलने के बाद वार्डों की संख्या बढ़कर 20 से 23 हो सकती है। परिसीमन का एक मुख्य उद्देश्य नगर पालिका के क्षेत्र में वृद्धि करते हुए इसके राजस्व में इजाफा करना है। इससे अनूपपुर नगर पालिका की आय बढ़ सकेगी। इस प्रक्रिया में ज्यादातर ऐसे ग्रामों में स्थित शासकीय भूमि क्षेत्रों को शामिल किया गया है, ताकि वहां विकास कार्य किए जा सकें और नगर पालिका का राजस्व बढ़ाया जा सके।

# कागजों में खप गई 27 हजार रुपये की मुरूम

**बिना स्वीकृत खदान के कहां से आयी मुरूम, शासकीय राशि की हो रही बंदरबाट**

**कोतमा नवभारत 9 जुलाई।** जनपद पंचायत कोतमा के अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर में विकास कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितता और नियमों को ताक पर रखने का एक बड़ा मामला सामने आया है।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के तहत गांव में 25 लाख रुपए की भारी-भरकम लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है,

लेकिन इस निर्माण कार्य की आड़ में जो खेल खेला गया है, उसने प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बिना खदान के कहां से आया मुरूम

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला और बड़ा खुलासा मुरूम की खरीदी को लेकर हुआ है। निर्माण कार्य के बिल-वाउचरों में 27,466 रुपए का मुरूम उपयोग करना दर्शाया गया है।

हैरान करने वाली बात यह है कि वर्तमान में पूरे जिले में एक भी मुरूम खदान स्वीकृत (लीज पर) नहीं है, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब जिले में कोई वैध मुरूम खदान ही अस्तित्व में नहीं है, तो पंचायत ने इतनी बड़ी मात्रा में मुरूम कहां से और किससे खरीदी।

### क्या यह सिर्फ कागजी खेल है?

जानकारों की माने तो यह सीधे तौर पर शासकीय राशि के गबन और कागजी हेरफेर का मामला प्रतीत होता है बिना रॉयल्टी और बिना किसी वैध बिल के इतनी राशि का मुरूम फाइलों में दर्ज कर देना साफ इशारा करता है कि यहाँ अधिकारियों और एजेंसियों की मिलीभगत से फर्जी बिल लगाकर राशि आहरित की गई है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**अनूपपुर नवभारत।** भारत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन सांसद हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में 10 जुलाई 2026 को अपरान्ह 2 बजे से कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार अनूपपुर में किया गया है। बैठक में एजेंडा बिंदु विभागों के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जावेगी।



# पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में दी जानकारी

**पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित**

**अनूपपुर नवभारत।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर माया विश्वलाल के निर्देशानुसार, रावेन्द्र कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर एवं बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी के मार्गदर्शन में समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के लोग, महिला, बच्चे, वृद्धजन एवं असहाय लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सलाह प्रदान करने गुरूवार को जिले में कार्य करने हेतु नियुक्त किए गए 51 पैरालीगल वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष माया विश्वलाल के द्वारा मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों विशेषकर वंचित और शोषित, अशिक्षित वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें मुक्त कानूनी सहायता प्राप्त करने में मदद करना हैं।

### एनडीपीएस एक्ट के बारे में बताया गया

कार्यक्रम में द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल ने एनडीपीएस एक्ट, नशा मुक्ति एवं यातायात अधिनियम के बारे में जानकारी दी। रावेन्द्र कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पैरालीगल वालेंटियर्स के उद्देश्य, कर्तव्य एवं दायित्व, मध्यस्थता योजना, लोक उपयोगी/स्थाई एवं निरंतर लोक अदालत, विशेष लोक अदालत तथा पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी दी।

राहत — जिले में खरीफ बोवनी ने पकड़ी रफ्तार, पिछले 5 दिनों से हो रही बरसात

# झमाझम बारिश से किसानों को मिली बड़ी राहत

**अनूपपुर नवभारत 9 जुलाई।** जिले में मानसून की सक्रियता के चलते जिला मुख्यालय सहित कोतमा, जैतहरी, भालूमाड़ा, अमरकंटक और राजेंद्रग्राम समेत ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है। पिछले पांच दिनों से तेज और रुक-रुक कर हो रही बारिश के बाद गुरुवार को दिनभर बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। हालांकि तेज बारिश थमने से नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति में कुछ सुधार हुआ और लोगों को राहत मिली। वहीं



आसमान में काले बादल छाए रहने से आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश की संभावना बनी हुई है।

### खेतों में पर्याप्त नमी बनने से हो रही सुविधा

अधीक्षक भू-अभिलेख विभाग के अधिकारी प्रदीप मोगरे ने बताया कि 1 जुलाई से जिले में लगातार वर्षा हो रही है, जो पिछले कई वर्षों की तुलना में बेहतर स्थिति है। इस बारिश से जैतहरी, कोतमा, फुनगा, राजेंद्रग्राम और अमरकंटक क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुवाई ने गति पकड़ ली है। खेतों में पर्याप्त नमी बनने से किसानों को बुवाई में सुविधा मिल रही है।

### 24 घंटे में औसतन 10.7 मिमी वर्षा दर्ज

हालांकि जिले के कुछ इलाकों में अभी भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण किसान सिंचाई पर निर्भर हैं। भू-अभिलेख विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 10.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अनूपपुर में 1.5 मिमी, कोतमा में 4 मिमी, बिजुरी में 18.3 मिमी, राजेंद्रग्राम में 1.2 मिमी, जैतहरी में 8 मिमी तथा अमरकंटक में सर्वाधिक 46.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

### मानक औसत से पीछे चल रही बारिश

1 जून से अब तक जिले में कुल 229.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि तक सामान्य औसत वर्षा 279 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 347.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस वर्ष अब तक की वर्षा सामान्य औसत और पिछले वर्ष दोनों की तुलना में कम बनी हुई है।